मंगलवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
27 जनवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 04
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00
# दूनवैलीमेल
सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# चेन लूट में डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चेन लूट के मामले में ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी हुई चेन बरामद कर ली। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नथुवावाला निवासी गणेश बहुगुणा ने रायपुर थाने में तहरीर देकर बताया गया था कि उसकी माता श्रीमती कुन्ती देवी प्रात: के समय अपने रिश्तेदारों के यहां खैरी खादर की ओर पैदल जा रही थी इस दौरान बिना नम्बर की मोटरसाईकिल सवार ने उनका पीछा करते हुए शिव मंदिर ढांग से नीचे जाने वाले रास्ते में अचानक झपटटा मारकर उनके गले से मंगलसूत्र लूट लिया गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटी कैमरों को खंगाला और आवश्यक जानकारी एकत्रित की गयी। इस बीच एक सूचना के बाद पुलिस ने बद्रीश कालोनी के पास जंगल से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी हुई चेन बरामद कर ली।

पूछताछ में उसने अपना नाम सचिन पुत्र सर्वेश निवासी एकता एन्क्लेव बताया। पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि अपने महंगे शौकों को पूरा करने के लिए उसके द्वारा कई लोगो से उधार लाया था, जिसे उतारने तथा जल्दी पैसा कमाने के लालच में उसके द्वारा स्नेचिंग की योजना बनाई तथा ब्लिंकिट की डिलीवरी के दौरान आते जाते अकेली जाती महिलाओं की रैकी करने लगा। 25 जनवरी को सुबह काम पर जाते समय उसे नाथुवावाला ढांग क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला अकेले जाती हुई दिखाई दी, जहाँ उसके द्वारा मौका देखकर उक्त बुजुर्ग महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से फरार हो गया। आरोपी घटना में छीने गये मंगलसूत्र को बेचने की फिराक में था पर उससे पूर्व ही पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।




# देशभर में बैंक कर्मचारी हड़ताल पर, काम काज प्रभावित

हमारे संवाददाता

देहरादून। देशभर में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आज सरकारी बैंकों का कामकाज प्रभावित रहा।

कर्मचारी फाइव डे वर्किंग की मांग कर रहे हैं। हड़ताल के कारण कैश जमा और निकासी, चेक क्लियरेंस और बैंक के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए है। हालांकि, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक जैसे निजी बैंक सामान्य रूप से काम पर रहे क्योंकि उनके कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल नहीं हैं।




बता दें कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) ने इस देशव्यापी हड़ताल का आहवान किया था। यह संगठन नौ बैंक यूनियनों का संयुक्त मंच है, जो सरकारी बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। यह फैसला 23 जनवरी को मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई बैठक में कोई समाधान न निकलने के बाद लिया गया था। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे बड़े सरकारी बैंक शामिल हैं।

एसबीआई के बयान में कहा गया कि हड़ताल के दिन शाखाओं और कार्यालयों में कामकाज सुचारू रखने की कोशिश की गई, फिर भी कुछ सेवाएं प्रभावित हुई हैं। बैंक यूनियनों की मुख्य मांग है कि हर शनिवार को छुट्टी घोषित की जाए। यह प्रस्ताव मार्च 2024 में 12वें द्विपक्षीय समझौते में शामिल किया गया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

### धर्म व राजनीति एक साथ कब तक?

इन दिनों एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद के मुद्दों पर देश की सियासत में उफान आया हुआ है। देश के नेताओं के तीखे और भड़काऊ बयानों से यह साफ है कि स्थिति अत्यंत ही गंभीर रूप ले चुकी है। मौनी अमावस्य के दिन शकंराचार्य अविमुक्तेश्वरा नन्द का त्रिवेणी संगम पर जाने से शासन-प्रशासन द्वारा बलपूर्वक रोके जाने जैसी खबरें यह बताने के लिए काफी है कि देश की राजनीति और देश का लोकतंत्र किस दिशा में जा रहा है। सालों तक मणिपुर सांप्रदायिक हिंसा की आग में जला तथा महिलाओं के साथ ऐसे शर्मनाक अपराधों को अंजाम दिया गया जिन्हें लेकर देश-विदेश तक में देश की सभ्यता और संस्कृति के साथ लोकतंत्र पर भी सवाल खड़े हुएं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी लंबे समय तक इस बारे में एक शब्द भी नहीं बोले। अभी बीते साल आई लव मोहम्मद को लेकर कुमांऊ मण्डल में व्यापक हिंसा और आगजनी हुई। उत्तराखण्ड की सरकार जो कानून व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है वह भी इस दुखद घटना को रोकने में तो नाकाम रही। जो लोग देश की गंगा-जमुनी संस्कृति और सभ्यता की जड़ों और देश के लोकतंत्र की बुनियाद को खोदने का काम कर रहे हैं जिसके गंभीर परिणाम देश की आने वाली पीढियों को भोगने पड़ेंगे देश में नफरत की जो राजनीति उफान पर है तथा जिसे अपने राजनीतिक हितों के लिए साधा जा रहा है वह सत्ता में बैठे लोगों के अंदर के डर को दर्शाती है। यह कोई एक अकेला वाक्या नहीं है अभी कुछ माह पूर्व हैदराबाद से चलकर भाजपा के विधायक टी राजा उत्तराखंड के उत्तरकाशी पहुंचे। उन्होंने उत्तराखंड के लोगों को अपने यहां आने का मकसद बताते हुए साफ कहा कि वह सूबे के मुख्यमंत्री धामी से यह अपील करने आए हैं कि वह राज्य की सभी मस्जिदों और मजारों की जांच करायें और उन पर बुलडोजर की कार्यवाही करें। यह अलग बात है कि उत्तराखंड के किसी भी मीडिया प्रतिष्ठान या पत्रकार द्वारा उनसे यह सवाल नहीं पूछा गया कि जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुलडोजर की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है तो वह सीएम धामी से इस तरह की मांग क्यों और कैसे कर सकते हैं? लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा ने जिस तरह से अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के जरिए हवा देने की कोशिश की थी और वह इस प्रयास में विफल साबित हुई थी उसके बाद यह माना जा रहा था कि अब ऐसे मुद्दों पर होने वाली राजनीति हतोत्साहित होगी लेकिन यह सोच अब गलत साबित हो चुकी है। इसके उलट सत्ता पक्ष ने अब इसे और अधिक मजबूती और जोरदार तरीके से आगे बढ़ाने के लिए कमर कस ली है। परिणाम क्या होंगे? उनके बारे में कोई कुछ भी सोचे लेकिन यह हालात देश और समाज हित में कदाचित भी नहीं ठीक हो सकते है।

# उत्तराखंड में सख्त भू-कानून, समान नागरिक संहिता और नकल विरोधी कानून लागूः मुख्यमंत्री

संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में सख्त भू-कानून, समान नागरिक संहिता व नकल विरोधी कानून लागू हो गया है।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर इस गरिमामयी सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम में सहभागिता करना उनके लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी विशेष है क्योंकि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् अपनी रचना के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की लेखनी से निकला वंदे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन का नारा रहा है, जिसने देशवासियों को एक साझा भावनात्मक और सांस्कृतिक पहचान प्रदान की तथा पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम के सूत्र में बाँधने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि जब गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतबद्ध किया, तब यह केवल नारा नहीं रहा, बल्कि एकता, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सजीव प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् कोई सामान्य कविता नहीं है, बल्कि यह माँ भारती के प्रति आस्था, समर्पण और कर्तव्यबोध की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रगीत हजारों कंठों से एक साथ गूंजता है, तो केवल स्वर नहीं मिलते, बल्कि हृदय, विचार और संकल्प भी एक हो जाते हैं। इसी भाव को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री ने भारत विकास परिषद के सभी कार्यकर्ताओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह दिन राष्ट्र के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में स्वतंत्र भारत ने अपना संविधान लागू कर एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में अपनी यात्रा आरंभ की। उन्होंने संविधान सभा के सभी सदस्यों,

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## मकान का ताला तोड जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चमन विहार निवासी अमित कुमार ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से जेवरात व 40 हजार रूपये की नगदी चोरी करके ले गये हैं।

## कांग्रेस सेवादल की कार्यशाला सम्पन्न

हमारे संवाददाता

देहरादून। 26 जनवरी 2026 को ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरान्त प्रदेश कांग्रेस सेवादल की अध्यक्षा हेमा पुरोहित की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में सेवादल कार्यकर्ताओ की एक कार्यशाला महानगर अध्यक्ष सावित्री थापा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।


कार्यशाला में महानगर सेवादल अध्यक्ष सावित्री थापा ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए सेवादल कार्यकर्ता के रूप में उनके कर्तव्यों का कडाई से पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने सेवादल कार्यकर्ताओं को ध्वज वंदन एवं झंडा रोहण का प्रशिक्षण दिया।

कार्यशाला में सेवादल अध्यक्षा श्रीमती हेमा पुरोहित, गोपाल सिंह गडिया, मनमोहन शर्मा, मंजू चौहान, सुशीला देसाई, इंदु सिंह, लता सिंह, बिट्टू रावत, कुसुम पंवार, रीता देवी, संतोष देवी, मीना सिह आदि सेवादल पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# देवभूमि ने रचा इतिहास, शूटिंग बॉल विश्व कप में दो का चयन

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। देवभूमि उत्तराखंड के लिए यह गर्व का क्षण है। गांव बेल्डी के होनहार खिलाड़ी सूरज चौधरी पुत्र जगपाल सिंह एवं नवनीत कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह, शेरपुर खेलमऊ का चयन शूटिंग बॉल विश्व कप के लिए हुआ है। यह चयन 44वीं सीनियर शूटिंग बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान चयन समिति द्वारा किया गया है।





बता दें कि 1 से 3 फरवरी तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे शूटिंग बॉल विश्व कप में 15 देशों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता केंद्र सरकार के युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व स्तरीय आयोजन है।

इस प्रतियोगिता का आयोजन शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन एवं इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन के बैनर तले किया जा रहा है।

विश्व शूटिंग बॉल चयन समिति, एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान अंजुल अग्रवाल, महासचिव जीतराज तोमर तथा उत्तराखंड शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने इसे खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अर्चित अग्रवाल, धीरज कुमार, रजनीश सैनी, सहसचिव आशीष सैनी एवं शिवम अग्रवाल, राष्ट्रीय रेफरी सैम, तनु शर्मा और अभिषेक कुमार के विशेष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। बताया जा रहा है कि पिछले पाँच वर्षों से सूरज चौधरी और नवनीत कुमार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# नेगी ने विधानसभाओं में हमेशा टिहरी की जबरदस्त वकालत कीःधस्माना

संवाददाता

देहरादून। एआईसीसी सदस्य व कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने पूर्व विधायक बलबीर सिंह नेगी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बलबीर सिंह नेगी ने उत्तर प्रदेश व उत्तरखण्ड की विधानसभाओं में हमेशा टिहरी की जबरदस्त वकालत की।

आज यहां एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व टिहरी तथा घनसाली के पूर्व विधायक रहे दिवंगत बलबीर सिंह नेगी के बद्रीपुर स्थित आवास पहुंच कर उनके अंतिम दर्शन कर पार्थिव शरीर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। धस्माना ने शोक संतप्त उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला नेगी पुत्र भानू प्रताप नेगी व अन्य परिजनों को सांत्वना दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा ध्वज लगा कर श्रद्धांजलि दी गई व उत्तराखंड सरकार की ओर से उनको गार्ड आफ हॉनर दिया गया व पुष्पचक्र चढ़ाया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवान, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, सुनारी लाल उनियाल, अखिलेश उनियाल, भागवत सिंह बिष्ट, जितेंद्र बिष्ट, सूरत सिंह नेगी, हेमा पुरोहित, गोपाल गड़िया ,सोबन सिंह नेगी, रवि वालिया ने भी नेगी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने शोक संदेश में धस्माना ने कहा कि बलबीर सिंह नेगी चाहे उत्तरप्रदेश की विधानसभा में टिहरी विधायक रहे हों या उत्तराखंड की विधानसभा में टिहरी के घनसाली से विधायक रहे हैं उन्होंने हमेशा पूरे टिहरी जिले के जनसरोकारों के लिए बेबाक हो कर आवाज उठाई। वे जमीन से जुड़े नेता थे और भिलंगना के ब्लॉक प्रमुख से लेकर यूपी में टिहरी व उत्तराखंड बनने के बाद घनसाली के दो बार विधायक रहे किंतु हमेशा बहुत सादगी पसंद व धर्मनिरपेक्षता पर उनका अटूट विश्वास रहा। धस्माना ने कहा कि उनके निधन से कांग्रेस पार्टी व प्रदेश ने एक सच्चा सरल और कर्मठ जन सेवक खो दिया है। दिवंगत बलबीर सिंह नेगी के पार्थिव शरीर को हरिद्वार खड़खड़ी ले जाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया, उनके पुत्र भानू प्रताप सिंह नेगी ने उनको मुखाग्नि दी।

# सुनार गांव ने कॉकटेल पार्टी पर लगाई रोक

नई टिहरी(आरएनएस)। थौलधार ब्लॉक के सुनार गांव के लोगों ने सामाजिक सरोकार और संस्कारों की दिशा में साहसिक कदम उठाते हुए गांव में होने वाले सभी सामाजिक और धार्मिक आयोजनों को पूरी तरह नशामुक्त घोषित कर दिया है। अब गांव में शादी-विवाह, जन्मदिन, नामकरण, मुंडन संस्कार सहित किसी भी प्रकार के धार्मिक या पारिवारिक आयोजन में शराब परोसना या सेवन करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में ग्राम सभा की खुली बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम प्रधान आशा रावत की अध्यक्षता में नरसिंह देवता मंदिर परिसर में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में शराब और कॉकटेल पार्टी के बढ़ते चलन पर चर्चा हुई। बैठक में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने एक स्वर में कहा कि शादी-ब्याह और धार्मिक आयोजनों में शराब परोसने की परंपरा पहले कभी भी हमारे संस्कारों का हिस्सा नहीं रही। खुशी और उत्सव के नाम पर शराब को सामाजिक स्वीकार्यता देना हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कॉकटेल पार्टी का चलन बढ़ने से आयोजनों में विवाद, लड़ाई-झगड़े की घटनाएं बढ़ी हैं। इसी को देखते हुए ग्राम सभा ने निर्णय लिया कि यदि कोई व्यक्ति गांव में किसी भी आयोजन के दौरान शराब पीते या किसी को पिलाते हुए पाया गया तो उससे 51 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा। यदि कोई परिवार जानबूझकर ग्राम सभा के इस निर्णय का उल्लंघन करते हुए कॉकटेल पार्टी का आयोजन करता है, तो ग्राम पंचायत स्तर पर उस परिवार का सामूहिक सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में वीरेंद्र राणा, चंदन सिंह राणा, प्रदीप सिंह राणा, शूरवीर सिंह रावत, शांति सिंह पुरसोडा, बच्चन सिंह, राधिका देवी, कविता देवी आदि उपस्थित रही।

## गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम कांगड़ा में दिखाएगी दम

हरिद्वार(आरएनएस)। गुरुकुल कांगड़ी समविवि के खिलाड़ी उत्तर क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कांगड़ा रवाना हो गए। हिमाचल विवि शिमला के तत्वावधान में एमजीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा में 26 से 31 जनवरी तक यह प्रतियोगिता होगी। कोच डॉ. अनुज कुमार और मैनेजर निकुंज यादव के नेतृत्व में गुरुकुल कांगड़ी की टीम हरिद्वार का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. प्रतिभा मेहता लूथरा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों में छात्र लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रभारी डॉ. अजय मलिक ने बताया कि खिलाड़ी लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। इस टीम में रक्षित चौहान, विवेक कुमार, आदित्य गौतम, अक्षत खपरवाल, अरमान खान, धीरज रावत, विशाल पंवार, शुभम कुमार, निमेश गौतम, विक्षित चतुर्वेदी, दीक्षांत रावत और अन्नु उत्तर शामिल हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. नवनीत, उपकुलसचिव डॉ. श्वेतांक आर्य, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एलपी पुरोहित ने उनको शुभकामनाएं दी हैं।

## समापन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

रुड़की(आरएनएस)। श्री सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन पर स्वयंसेवियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इसके अलावा छात्राओं के बीच बौद्धिक सत्र और प्रतियोगिताएं भी हुईं। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान ने बताया कि समापन कार्यक्रम में बौद्धिक सत्र और प्रायोगिक सत्र सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकृषण का केंद्र रही। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भारती शर्मा ने ऊर्जा से चेतना तक युवा वर्ग के दायित्व और चुनौतियां विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अपने युवाओं को कैसा भारत सौंपना चाहते हैं, जैसे मूल प्रश्न को केंद्र में रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, वेद, विज्ञान, उपनिषद, जिज्ञासा से शोध तक की यात्रा और मन के विभिन्न स्तरों का सारगर्भित और व्यावहारिक दृष्टिकोण छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे सत्र में दिनेश धीमान ने बताया कि व्यक्ति की आभा उसके आध्यात्मिक रुझान और स्वर विज्ञान के अंतर्गत पंच प्राणों से संबंधित होती है। यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। शिविर के समापन कार्यक्रम का डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एसपी सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विभिन्न ज्वलंत विषयों पर जागरूकता फैलाना भी स्वयंसेवियों का महत्वपूर्ण दायित्व है।

## गाय की सुरक्षा और नदियों की स्वच्छता को आएं आगे : चैतन्यपुरी

कोटद्वार। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्रीहरि चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि भारत में गाय और गंगा, यमुना नदी को मां तो माना जाता रहा है, फिर भी उनकी दुर्दशा है। सरकार और संगठनों को इस तरफ गंभीरता से सोचना चाहिए। स्वामी चैतन्यपुरी गोविंद नगर में आयोजित सत्संग में प्रवचन कर रहे थे। भारत में नदियों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में तो नदी को माता का दर्जा भी नहीं मिला है। फिर भी जनता के सहयोग से नदियों की निर्मलता निरंतर बनी रहती है। चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि गाय को आज तक राष्ट्रीय पशु का दर्जा नहीं मिला। सत्संग से पहले चैतन्यपुरी महाराज ने सिद्धबली मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन किए और उनकी पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी ने उन्हें शॉल ओढ़ाया और सिद्धबली बाबा का चित्र भेंट किया।

# औली में सन्नाटा खत्म, उमड़े पर्यटक, बढ़ने लगी रौनक

चमोली (आरएनएस)। बर्फबारी के बाद औली में पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। दो दिन पहले तक बर्फ नहीं होने पर औली में सन्नाटे की स्थिति थी अब औली पर्यटकों से गुलजार नजर आने लग गया है। यहां अभी एक फीट से अधिक बर्फ जमी है और रविवार को काफी संख्या में पर्यटक औली पहुंचे।

औली में इस साल सीजन की पहली बर्फबारी शुक्रवार को हुई और इसके बाद पर्यटकों के यहां पहुंचने का सिलसिला भी तेज हो गया। यहां पहुंचकर पर्यटक खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं और बर्फ में मौज मस्ती कर रहे हैं। पर्यटक स्लोप पर स्कीइंग में हाथ आजमा रहे हैं। मौसम की मेहरबानी और पर्यटकों की आमद से पर्यटन से जुड़े कारोबारी भी खुश हैं।

बर्फबारी के बाद औली मार्ग पर पाला जमने लगा है और वाहन फिसल रहे हैं। इससे वाहनों की आवाजाही में भी दिक्कतें आ रही हैं। सिंगल लेन सड़क के कारण यहां जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। हालांकि टीवी टावर से ऊपर पर्यटकों के वाहनों को नहीं जाने दिया जा रहा है। सिर्फ फोर बाय फोर वाहन और स्थानीय वाहनों की ही आवाजाही कराई जा रही है लेकिन टीवी टावर से नीचे वाहनों की लंबी कतार लग रही है और जाम की स्थिति हो रही है।

ज्योतिर्मठ कोतवाली के एसएसआई विनोद रावत ने बताया कि पर्यटकों के वाहनों को सुनील, टीवी टावर व कीचड़ बैंड के पास पाला जमने से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। पर्यटकों के वाहनों को टीवी टावर से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। वहां से फोर बाय फोर और स्थानीय वाहन ही आगे जा रहे हैं। जाम खुलवाने के लिए जगह-जगह पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

औली में पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर चेयर लिफ्ट से आवाजाही करने वालों की भी मांग बढ़ने लग गई है। पर्यटक चेयर लिफ्ट से औली की बर्फ से ढकी वादियों का आनंद ले रहे हैं। चेयर लिफ्ट प्रबंधक राजेंद्र डिमरी ने बताया कि रविवार को 1200 से अधिक पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट का आनंद लिया।

## रुद्रप्रयाग जिले को स्टेट बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। प्री-एसआईआर के दौरान मतदाताओं की मैपिंग में उत्कृष्ट कार्य करने पर रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद को स्टेट बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड--2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिलाधिकारी प्रतीक जैन को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकभवन ऑडिटोरियम में राज्यपाल ने दिया। जनपद में प्री-एसआईआर के दौरान मतदाता मैपिंग के कार्य को प्रभावी, व्यवस्थित एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ ढंग से संपादित करने व निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता पर यह अवॉर्ड दिया गया।

## मताधिकार के प्रयोग की शपथ ली

चमोली(आरएनएस)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में डीएलएड प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों ने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भाषण, स्लोगन लेखन, चार्ट निर्माण आदि गतिविधियां संचालित कर जन जागरूकता रैली निकाली। डायट प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस चुनाव में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

## कर्णप्रयाग में एक और गैरसैंण में 8 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

चमोली(आरएनएस)। कर्णप्रयाग और गैरसैंण में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कर्णप्रयाग मुख्य बाजार में एक फरवरी और गैरसैंण में 8 फरवरी को सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके लिए कर्णप्रयाग में गोपाल ममगाईं और गैरसैंण बीपी काला को संयोजक मनोनीत किया गया। रविवार को कर्णप्रयाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुसांगिक संगठनों की बैठक में हिंदू सम्मेलन पर चर्चा की गई। देवतोली में आयोजित बैठक में विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष चिंतामणि सेमवाल, जिला कार्यवाह विष्णुदत्त भट्ट आदि ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी संगठनों को एकजुट होकर काम करना होगा। वहीं गैरसैंण के ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में आरएसएस के जिला संघ चालक दिगंबर प्रसाद गैड़ी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन कर बीपी काला को संयोजक बनाया। जानकी रावत को सह संयोजक, गंगा सिंह पंवार को कोषाध्यक्ष, कुसुमलता गैड़ी को सह कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र टम्टा को सचिव तथा विमला गैरोला व ऋचु जोशी को सदस्य और मंच संचालन के लिए दिनेश चंद्र गौड़ को सर्वसम्मति से नामित किया गया। इस दौरान पतंजलि योगपीठ के वीरेंद्र सिंह नेगी, सैल्यूट तिरंगा के सूर्यदर्शन, दिनेश उनियाल, प्रमुख दुर्गा देवी, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष पंकज गैडी, महावीर रावत, डीपी उनियाल और प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

## मठकोट में 40 से अधिक बच्चे अज्ञात बीमारी से पीड़ित

चमोली(आरएनएस)। विकासखंड के मठकोट गांव में 40 से अधिक बच्चे अज्ञात बीमारी से पीड़ित हैं। पीड़ित बच्चों की उम्र 15 वर्ष से कम है। समस्या को देखते हुए ग्राम प्रधान ने चिकित्साधीक्षक को पत्र लिखकर गांव में डॉक्टरों की ओर से शिविर लगाकर उपचार करने की मांग की। विकासखंड के मुख्यालय से करीब आठ किमी दूर स्थित मठकोट गांव में 40 से अधिक बच्चे अज्ञात बीमारी से पीड़ित हैं। ग्राम प्रधान अनीता देवी ने कहा कि एक सप्ताह से बच्चे बीमार हो रहे हैं। बच्चों को तेज बुखार, आंखों में पीलापन है। ऐसे में कई अभिभावक बच्चों का निजी क्लीनिकों में उपचार करवा रहे हैं तो वहीं कुछ पीलिया की आशंका जताकर वैद्य से भी उपचार करवा रहे हैं। समस्या को देखते हुए ग्राम प्रधान ने गैरसैंण अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. अर्जुन रावत को पत्र भेजकर गांव में डॉक्टरों की ओर से शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच कराने की मांग की। वहीं चिकित्साधीक्षक डॉ. अर्जुन रावत ने कहा कि जल्द ही गांव में शिविर लगाकर रोग का परीक्षण और उपचार किया जाएगा।

# चोरों ने बंद घर और जनसेवा केंद्र को बनाया निशाना

रुद्रपुर(आरएनएस)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने दो दिन के भीतर दो बड़ी चोरी की घटनाएं अंजाम दी। उन्होंने एक बंद मकान और जनसेवा केंद्र को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और हजारों रुपये नकद पार कर दिए। जानकारी के अनुसार, गंगापुर रोड स्थित इंडियन वाटिका फेस-2 निवासी ख्याली राम झरना ने बताया कि वह अपने साले के निधन के कारण पत्नी के साथ ससुराल गए हुए थे। घर में उनका बेटा अकेला था, जो शनिवार शाम को ताला लगाकर रिश्तेदार के यहां चला गया। रविवार सुबह जब परिवार घर लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अलमारी में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और करीब 7-8 हजार रुपये नकद गायब थे। वहीं ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के श्मशान घाट रोड स्थित एक जनसेवा केंद्र संचालक रविंद्र गंगवार ने बताया कि खराब मौसम के कारण उन्होंने शुक्रवार शाम को केंद्र बंद कर दिया था। शनिवार को केंद्र नहीं खुल सका। रविवार को जब वह केंद्र पहुंचे तो शटर के दोनों ताले टूटे हुए थे। केंद्र में रखा लैपटॉप और अन्य उपकरण सुरक्षित थे, लेकिन गल्ले में रखी लगभग 40 हजार की नकदी चोरी हो चुकी थी। दोनों मामलों की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। धार्मिक यात्रा पर गया परिवार, चोरों ने खंगाला घर रुद्रपुर(आरएनएस)। ट्रांजिट कैंप के आनंद विहार वार्ड में चोरों ने एक और बंद मकान को निशाना बनाया। परिवार कुछ दिन पहले धार्मिक यात्रा पर गया हुआ था। मकान मालिक प्रबल जौहरी (सनी) ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं और अपने परिवार के साथ राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर गए हुए थे। शनिवार को पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि उनकी छत पर सामान बिखरा हुआ है। रविवार को जब परिवार घर पहुंचा तो अंदर सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारियां खुली हुई थीं और लॉकर टूटे हुए थे। चोरों ने पूरा घर खंगाल लिया और सोने-चांदी के लाखों रुपये के जेवर सहित कुछ अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध कैद हुए हैं। मामले में तहरीर मिल चुकी है और जांच जारी है।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है चेरी टमाटर, जानिए इसके 5 फायदे

चेरी टमाटर एक छोटा और पौष्टिक फल है, जो कई तरह के विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है। यह न केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद गुणकारी तत्व शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इस लेख में हम चेरी टमाटर के कुछ प्रमुख स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करेंगे, जो आपको इसे अपनी डाइट में शामिल करने के लिए प्रेरित करेंगे।

दिल की सेहत के लिए है लाभदायक

चेरी टमाटर में एक खास तत्व पाया जाता है, जो दिल के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा को संतुलित रखता है और दिल को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा चेरी टमाटर में मौजूद विटामिन और खनिज भी दिल की सेहत में योगदान देते हैं। नियमित रूप से चेरी टमाटर का सेवन करने से आप अपने दिल को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं।

आंखों की रोशनी को बेहतर करने में है सहायक

आंखों की रोशनी को बेहतर करने में भी चेरी टमाटर मददगार साबित हो सकता है। इसमें विटामिन और खनिज होते हैं, जो आंखों की रोशनी को सुधारने में सहायक होते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद अन्य तत्व भी आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। रोजाना एक या दो चेरी टमाटर का सेवन करने से आप अपनी आंखों की रोशनी को बेहतर बना सकते हैं और आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं।

त्वचा के लिए है फायदेमंद

चेरी टमाटर की तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में त्वचा को ठंडक पहुंचाने और नमी बनाए रखने में मदद करती है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन और अन्य तत्व त्वचा को चमकदार बनाते हैं और मुंहासों से राहत दिलाते हैं। चेरी टमाटर का सेवन करने से त्वचा की कोशिकाओं को पोषण मिलता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। इसे अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

पाचन क्रिया को सुधारने में है मददगार

पाचन क्रिया को सुधारने में भी चेरी टमाटर काफी मददगार साबित हो सकता है। इसमें फाइबर होता है, जो कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है और पाचन क्रिया को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा इसमें मौजूद अन्य तत्व पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। रोजाना एक कटोरी चेरी टमाटर का सेवन करने से आप अपनी पाचन क्रिया को मजबूत बना सकते हैं और पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।

कैंसर से बचाव करने में है सहायक

चेरी टमाटर में मौजूद तत्व कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं। यह शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को निकालता है और कैंसर होने की संभावना कम करता है। इन सभी कारणों से साफ हो जाता है कि चेरी टमाटर न केवल स्वादिष्ट बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करें ताकि आप इसके सभी फायदों का लाभ उठा सकें।

# आमिर खान के बेटे जुनैद की फिल्म एक दिन का पहला पोस्टर हुआ जारी

महाराज और लवयापा जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके जुनैद खान की आगामी बॉलीवुड फिल्म एक दिन का पहला पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने आज एक दिम की रिलीज की जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है।

आमिर खान प्रोडक्शंस ने एक दिन का पहला पोस्टर जारी किया। इसमें जुनैद खान और साई पल्लवी बर्फबारी में रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों बर्फबारी में कड़ाके की ठंड के बीच आइसक्रीम खाते दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, जिंदगी की उथल-पुथल में, प्यार तुम्हें ढूंढ लेगा... एक दिन।

फिल्म निर्माताओं ने एक दिन के फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ इसकी रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। एक दिन 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं फिल्म का पहला टीजर 16 जनवरी को जारी किया गया था।

एक दिन के डायरेक्टर सुनील पांडे हैं। एक दिन की कहानी स्नेहा देसाई और स्पनंद मिश्रा ने लिखी है। इस फिल्म के प्रोड्यूसर मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित हैं। म्यूजिक राम संपत का है। लिरिक्स इरशाद कामिल के हैं। यह जुनैद की तीसरी फिल्म है। इससे पहले जुनैद महाराज और लवयापा में नजर आ चुके हैं। साई पल्लवी साउथ एक्ट्रेस हैं। वो रणबीर कपूर के साथ रामायण में नजर आएंगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आईएनए-आजाद हिंद फौज और रानी झांसी रेजिमेंट

●देवेंद्र कुमार बुडाकोटी
एवं स्वगता सिन्हा रॉय



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती कुआलालंपुर, मलेशिया में नेताजी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा, भारत के उच्चायोग और नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडियन कल्चरल सेंटर के सहयोग से मनाई गई। यह कार्यक्रम नेताजी की विरासत को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान आईएनए-आजाद हिंद फौज-द्वारा निभाई गई निर्णायक भूमिका की याद दिलाने का भी अवसर था।

कार्यक्रम में आईएनए -आजाद हिंद फौज, पर एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया, विद्यार्थियों द्वारा नेताजी के जीवन और आदर्शों पर मंच प्रस्तुतियाँ दी गई तथा स्थानीय कलाकारों और प्रतिभागियों द्वारा वंदे मातरम् के देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। आईएनए की सैन्य संरचना और सिद्धांत पर विद्वतापूर्ण प्रस्तुतियों के साथ-साथ 1943 में मलाया में आईएनए के पुनरुत्थान पर चर्चा ने कार्यक्रम को अकादमिक गहराई प्रदान की। आईएनए की वर्दी में सजे प्रतिभागियों ने उस ऐतिहासिक काल के वातावरण को जीवंत कर दिया। हमारे लिए यह कार्यक्रम अत्यंत भावनात्मक और स्मृतियों से भरा हुआ था। इसने कुछ वर्ष पूर्व आईएनए के उन पूर्व सैनिकों से हुई हमारी मुलाकातों की यादें ताजा कर दीं, जो अब हमारे बीच नहीं हैं। साथ ही, इसने आईएनए और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उसकी भूमिका पर हमारे अध्ययन और शोध की स्मृतियों को भी पुनर्जीवित किया।

वर्तमान समय के मलेशिया और सिंगापुर में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए आईएनए का महत्व इस तथ्य में निहित है कि इस सेना की स्थापना और संगठन इसी क्षेत्र में हुआ था। युद्धबंदी (प्ज्ें) प्रारंभ में आईएनए के प्रशिक्षित मानवबल का आधार बने, किंतु स्थानीय भारतीय नागरिक आबादी ने स्वयंसेवकों के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशेष रूप से महिलाओं की रेजिमेंट-रानी झांसी रेजिमेंट-में वे भारतीय महिलाएँ शामिल थीं जिन्होंने कभी भारत नहीं देखा था, फिर भी वे अपने माता-पिता और दादा-दादी से मिली भारतीय संस्कृति और मूल्यों में गहराई से रची-बसी थीं।

आज भारत में महिला अधिकारी हैं, जिनमें पायलट भी शामिल हैं, किंतु कुछ अपवादों-जैसे सैन्य पुलिस कोर (सीएमपी)-को छोड़कर अन्य रैंकों में महिला सैनिक नहीं हैं। पैदल सेना और बख्तरबंद रेजिमेंटों में महिला अधिकारियों को शामिल करने का विषय अभी भी विचाराधीन है। इस पृष्ठभूमि में 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा एक पूर्णतः महिला रेजिमेंट का गठन किया जाना दूरदर्शी निर्णय के रूप में उभरता है। 1857 के विद्रोह की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर इसका नामकरण कर उन्होंने भारतीय महिलाओं के साहस और क्षमताओं पर गहरा विश्वास व्यक्त किया।

रानी झांसी रेजिमेंट की कमान कैप्टन लक्ष्मी स्वामीनाथन के हाथों में थी। इस रेजिमेंट ने अनेक महिलाओं को स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया, कई बार पारिवारिक विरोध के बावजूद। विशेष रूप से किशोरियों के मामलों में, परिवारों की सहमति प्राप्त करने के लिए कैप्टन लक्ष्मी स्वयं उनसे मिलती थीं। अधिकांश भर्तियाँ बुनियादी रूप से साक्षर थीं और मलाया के रबर बागानों से आती थीं, फिर भी उन्होंने असाधारण प्रतिबद्धता और अनुशासन का परिचय दिया।

आईएनए का अभियान अपार बलिदानों से भरा हुआ था। विशेषकर इंफाल और कोहिमा मोर्चों पर कई सैनिकों ने अपने प्राण न्यौछावर किए, जबकि कुछ ऐसे भी थे जो बिना पर्याप्त अभिलेख या दस्तावेज छोड़े जीवित बचे। उनकी कहानियाँ मुख्यतः पारिवारिक स्मृतियों और मौखिक इतिहास के माध्यम से ही जीवित हैं।

यह काल सियाम-बर्मा "डेथ रेलवे" के निर्माण के दौरान जापानी सेनाओं द्वारा किए गए अत्याचारों की भी याद दिलाता है। मलाया के हजारों भारतीयों को अमानवीय परिस्थितियों में जबरन श्रम के लिए फुसलाया या बाध्य किया गया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक पीड़ा और मृत्यु हुई। समुचित दस्तावेजों के अभाव में भारतीय हताहतों की सटीक संख्या अज्ञात है, हालाँकि इस त्रासदी का चित्रण द ब्रिज ऑन द रिवर क्वाई (1957) जैसी पुस्तकों और फिल्मों में किया गया है।

आईएनए के पूर्व सैनिकों के लिए युद्धोत्तर जीवन कठिनाइयों से भरा रहा। भारत की स्वतंत्रता के बाद ही उन्हें मान्यता मिली, जब अनेक को पुलिस बलों में पुनर्वास मिला और बाद में पेंशन प्रदान की गई-जिससे अंततः स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को स्वीकार किया गया।

(लेखक जेएनयू के पूर्व छात्र हैं। डी. के. बुडाकोटी समाजशास्त्री हैं और डॉ. स्वगता सिन्हा रॉय मलेशिया के एक विश्वविद्यालय में अध्यापन करती हैं।)

## शब्द सामर्थ्य

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्री |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# साई पल्लवी के इश्क में डूबे जुनैद खान, केमिस्ट्री से जीता दिल

आमिर खान के बेटे जुनैद खान और साई पल्लवी स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म एक दिन का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर की बात करें तो इसमें जुनैद और साई के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री फील की जा रही है। फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर और जाने तू ज़ या जाने ना जैसी आइकॉनिक फिल्मों के बाद आमिर और मंसूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं।

एक दिन के टीजर में जुनैद खान और साई पल्लवी प्यार की फीलिंग और उसकी गहराईयों तक उतर रहे हैं। जुनैद खान जोकि साई के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। साई के हर शब्द में जुनैद प्यार का मतलब ढूंढ रहे हैं और चेहरे से दर्शा रहे हैं कि साई उनके लिए कितनी मायने रखती हैं।

आमिर खान प्रोडक्शंस ने हमेशा दर्शकों को बेहतरीन और यादगार कहानियां दी हैं और दुनियाभर में अपार प्रेम प्राप्त किया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब बैनर पेश कर रहा है एक दिन', एक कोमल और भावनात्मक प्रेम कहानी, जिसमें बेहद प्रतिभाशाली साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म साई पल्लवी के बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड डेब्यू को भी चिन्हित करती है। फिल्म की पहली झलक जारी कर दी गई है, जो पर्दे पर साकार होने वाली एक मासूम और दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी की झलक देती है।

एक दिन के फर्स्ट लुक में साई पल्लवी और जुनैद खान एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में दिखाई दिए। सर्दियों में दोनों सड़क पर चलते हुए नजर आते हैं, जहां उनकी गर्मजोशी, आकर्षण और सहज केमिस्ट्री साफ झलकती है। पोस्टर के साथ टैगलाइन दी गई है एक प्यार।।। एक मौका (एक प्यारज् एक मौका)। इस पहली झलक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

दर्शक पहले ही महाराज और लवयापा में जुनैद खान के दमदार अभिनय को देख चुके हैं। अब वह एक भावनात्मक प्रेम कहानी में नजर आने वाले हैं, जो इस प्रोजेक्ट को और भी खास बनाता है। जुनैद के साथ स्क्रीन साझा कर रही हैं साई पल्लवी, जो इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपनी बड़ी शुरुआत कर रही हैं। साई पल्लवी ने तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से अलग पहचान बनाई है। वह साउथ की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं और देशभर के दर्शकों के बीच बेहद प्रिय हैं।

आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक दिन' में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसका निर्माण आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने किया है। फिल्म की कहानी स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने लिखी है। संगीत राम संपत का है और गीत इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## विजय सेतुपति का फैंस को धांसू तोहफा!

पुरी जगन्नाध मक्कल सेल्वन विजय सेतुपति के साथ एक पैन-इंडियन फिल्म बना रहे हैं। यह फिल्म एक बार फिर सुर्खियों में है। मेकर्स ने आखिरकार टाइटल और फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है। मेकर्स ने एक्टर विजय सेतुपति के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का टाइटल स्लमडॉग - 33 टेम्पल रोड अनाउंस किया है।

जगन्नाध ने सेतुपति के 48वें जन्मदिन के अवसर पर अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया और अपनी फिल्म के टाइटल से पर्दा हटाते हुए बताया कि उनकी फिल्म का नाम स्लमडॉग - 33 टेम्पल रोड होगा। पुरी ने फिल्म से विजय सेतुपति का फर्स्ट लुक भी दिखाया है। पोस्टर में विजय सेतुपति स्टाइलिश चश्मा पहने और हाथ में खून से सना हुआ एक बड़ा धारदार हथियार पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता करेंसी नोटों से भरे लकड़ी के बक्सों के बीच खड़े नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, झुग्गियों से एक ऐसा तूफान उठता है जिसे कोई रोक नहीं सकता। रॉ, बेरहम, असली। पूरी सेतुपति का नाम हैं स्लमडॉग - 33 टेम्पल रोड। हैप्पी बर्थडे मक्कलसेल्वन एक्टर विजय सेतुपति। तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

पिछले साल जुलाई में शूटिंग शुरू होने के बाद से ही यह फिल्म चर्चे में रही। यह पुरी जगन्नाध और विजय सेतुपति के बीच पहला कोलैबोरेशन है। इस जोड़ी को लेकर उम्मीदें हैं। इस फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स बैनर के तहत किया जा रहा है और इसे जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोला मिलकर चार्मी कौर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस फिल्म में संयुक्ता विजय सेतुपति के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। फिल्म में तब्बू, विजय कुमार, ब्रह्माजी और वीटीवी गणेश भी हैं। हम अक्सर कहते हैं, पैसा ही बोलता है और यही बात विजय सेतुपति की आगामी फिल्म गांधी टॉक्स में नजर आने वाली है। गांधी टॉक्स के मेकर्स ने विजय सेतुपति के जन्मदिन पर फिल्म का टीजर जारी किया है, जो काफी शानदार है।

इंस्टाग्राम पर गांधी टॉक्स का टीजर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, एक सिक्के के दो पहलू, एक नोट के दो पहलू, एक कहानी के दो पहलू। कुछ कहानियां खामोशी मांगती हैं। गांधी टॉक्स एक खामोश वादा। एक जोरदार दस्तक। 30 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में। टीजर में महात्मा गांधी की तस्वीर वाले भारतीय नोटों को दिखाया गया है, जिनका इस्तेमाल पूरे भारत में कई तरह के गुप्त लेन-देनों के लिए किया जा रहा है। विजय सेतुपति एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं जो बमुश्किल तरीके से अपना जीवन यापन करता है और आर्थिक तंगी का सामना करता है।

# डेटिंग की खबरों पर बोली मलाइका अरोड़ा - लोगों को बातें करना पसंद, इससे कोई फायदा नहीं

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद उनकी जिंदगी में कौन आया, कौन गया? ऐसे चर्चे सोशल मीडिया पर आम बात हैं। खुद अभिनेत्री का मानना है कि उन्हें किसी भी अनजान शख्स के साथ देखकर लोग उनके रिश्ते को लेकर अटकलें लगाना शुरू कर देते हैं। हालिया बातचीत में मलाइका ने लंबे समय से चल रही डेटिंग की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।



हाल ही में, मलाइका ने नम्रता जकारिया शो में शिरकत की और रहस्यमयी व्यक्ति के साथ अपने नए रिश्ते की खबरों को संबोधित किया। अभिनेत्री ने कहा, लोगों को बातें करना पसंद है। अगर आपको किसी के साथ देखा जाता है, आप बाहर जाते हैं और यह एक बड़ा मुद्दा बन जाता है। मैं बेवजह की बातों को हवा नहीं देना चाहती, इससे कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के चर्चे होना आम बात हो चुकी है। मलाइका ने कहा, जब भी मैं बाहर निकली हूं, चाहे वो कोई पुराना दोस्त हो, समलैंगिक दोस्त हो, शादीशुदा दोस्त हो, मैनेजर हो या कोई भी हो, मुझे तुरंत उसके साथ जोड़ दिया जाता है। ये सब तो हंसी का पात्र बन गया है। कुछ दिन पहले एक कॉन्सर्ट में मलाइका को रहस्यमयी व्यक्ति संग देखकर उनके नए रिश्ते की खबरों ने जोर पकड़ा था। सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि वो शख्स हीरा व्यापारी हर्ष मेहता है।

# फिल्म गांधी टॉक्स 30 जनवरी को रिलीज होगी




ज़ी स्टूडियोज़ ने अपनी सबसे महत्वाकांक्षी और अपरंपरागत फिल्म गांधी टॉक्स की रिलीज़ तिथि की घोषणा कर दी है, जो 30 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। आधुनिक भारतीय सिनेमा की यह दुर्लभ मूक फिल्म एक साहसिक रचनात्मक छलांग है, जहाँ मौन कहानी कहने का सबसे सशक्त माध्यम बन जाता है। ऐसे समय में जब सिनेमा को अक्सर भव्यता और ध्वनि से परिभाषित किया जाता है, गांधी टॉक्स अपने संदेश को संप्रेषित करने के लिए संयम, भावना और स्थिरता का चुनाव करती है।

यह फिल्म विजय सेतुपति, अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जाधव जैसे असाधारण कलाकारों को एक साथ लाती है, जिन्होंने जानबूझकर कहानी कहने के एक ऐसे रूप को अपनाया है जो पूरी तरह से प्रदर्शन और अभिव्यक्ति पर निर्भर करता है। विजय सेतुपति और अरविंद स्वामी जैसे अभिनेताओं के लिए, एक मूक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का निर्णय शिल्प-आधारित सिनेमा में उनके अटूट विश्वास को दर्शाता है। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जाधव संवाद के बिना भेद्यता और भावनाओं को अपनाते हुए, सूक्ष्म, अभिव्यक्ति-प्रधान प्रदर्शनों के साथ कथा को और समृद्ध करते हैं।

एआर रहमान का संगीत गांधी टॉक्स की भावनात्मक आवाज़ बन जाता है, जो कथावाचक की भूमिका निभाते हुए दर्शकों को फिल्म के भावपूर्ण परिदृश्य से रूबरू कराता है। उनका संगीत मौन को एक शक्तिशाली, गहन अनुभव में बदल देता है, जिससे फिल्म वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित होने योग्य बन जाती है। निर्देशक किशोर बेलेकर ने कहा, गांधी टॉक्स मौन पर भरोसा करने वाली फिल्म है। भारतीय सिनेमा कहानी कहने के एक सदी से अधिक का सफर तय कर रहा है, ऐसे में हम इस माध्यम के सबसे मौलिक रूप - शुद्ध प्रदर्शन और भावना - की ओर लौटना चाहते थे।

गांधी वार्ता एक ऐसी हास्य फिल्म है जो महात्मा गांधी के विचारों और आज के समाज की वास्तविकताओं के बीच के अंतर को दर्शाती है। कहानी एक ऐसे युवक के इर्द-गिर्द घूमती है जो पैसों की तंगी से जूझ रहा है और कैसे उसका जीवन एक चोर के जीवन से जुड़ जाता है। फिल्म में मूल्यों, लालच और समाज जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। गांधी टॉक्स के साथ, ज़ी स्टूडियोज़ उन उत्कृष्ट और प्रतिष्ठित फिल्मों को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है जो सिनेमाई मानदंडों को चुनौती देती हैं और भारतीय सिनेमा की भाषा का विस्तार करती हैं। 30 जनवरी 2026 को रिलीज़ होने वाली गांधी टॉक्स एक ऐसा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है जो बिना कुछ कहे ही बहुत कुछ कह देती है।

# देशभक्ति के रंग में रंगा रुड़की, तिरंगे और रोशनी से जगमगाया शहर

रुड़की(आरएनएस)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रुड़की शहर पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। शहर की सभी सरकारी इमारतों को तिरंगे और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया। गंगनहर के दोनों किनारों पर लगे पेड़ों को भी तिरंगे की रोशनी में सजाया गया, जिससे नहर क्षेत्र शाम ढलते ही मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करने लगा। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी विशेष सजावट की गई। चंद्रशेखर चौक, कारगिल चौक, आंबेडकर चौक, टैंक चौक और शहीद भगत सिंह चौक सहित रानी लक्ष्मीबाई पार्क को रंग-बिरंगी लाइटों और तिरंगे झंडों से सजाया गया। चारों ओर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और पूरा शहर रोशनी में नहाया नजर आया। गंगनहर पुल और प्रमुख चौराहों पर शाम होते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ सजावट देखने पहुंचे और देशभक्ति के माहौल के बीच सेल्फी लेते दिखाई दिए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खास उत्साह नजर आया।

## पीएचडी की 50 प्रतिशत सीटें प्रवेश परीक्षा से भरने की मांग

कोटद्वार(आरएनएस)। बीएड प्रशिक्षित महासंघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने केंद्रीय सहित राज्य विश्वविद्यालयों में पीएचडी की पचास प्रतिशत सीटों को प्रवेश परीक्षा से भरने की मांग की। उन्होंने बताया कि यूजीसी के वर्तमान नियमों के तहत केवल नेट क्वालिफाई अभ्यर्थी ही पीएचडी में प्रवेश के योग्य है। इसलिए केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित राज्य विश्वविद्यालयों को पचास प्रतिशत सीटों पर पीएचडी प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा करानी चाहिए। इससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को पीएचडी में प्रवेश का अवसर प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की नियुक्ति से शैक्षणिक प्रदर्शन सूचकांक (एपीआई) को हटाकर पूर्व की भांति लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से करने, प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति उत्तराखंड लोक सेवा आयोग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या सरकार द्वारा गठित बोर्ड आयोग के माध्यम से कराए जाने की भी मांग की।

## रुड़की में निकाली तिरंगा यात्रा और बाटे तिरंगे

रुड़की(आरएनएस)। समाजसेवी अंकुश राज के नेतृत्व में रुड़की में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ पुरानी तहसील स्थित विश्वकर्मा चौक से हुआ। ढोल-नगाड़ों की देशभक्ति धुनों के बीच निकली तिरंगा यात्रा इमली चौक, बीटी गंज बाजार से होते हुए चंद्रशेखर चौक पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान लोगों को तिरंगे भी बांटे गए। देशभक्ति के नारे लगाए गए। यात्रा के दौरान अंकुश राज, यात्रा में शामिल लोगों ने दुकानदारों और राहगीरों को तिरंगे का पटका पहनाया।

## सू- दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# गांधी पार्क में आयोजित रैली में महिला वक्ता से अभद्रता का आरोप, मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा(आरएनएस)। गांधी पार्क में आठ जनवरी को अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर विभिन्न जन संगठनों की ओर से निकाली गई शांतिपूर्ण रैली के दौरान एक महिला वक्ता के साथ अभद्रता, धमकी और हिंसा के प्रयास का मामला सामने आया है।

इस संबंध में भारती पांडे ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में भारती पांडे ने बताया कि रैली के दौरान मंच से अपने विचार रखते समय वैभव जोशी निवासी बाड़ी-बगीचा, अल्मोड़ा ने उनके भाषण में जानबूझकर हस्तक्षेप किया। आरोप है कि आरोपी ने आक्रामक रूप से आगे बढ़ते हुए गाली-गलौच की और शारीरिक नुकसान पहुंचाने के इरादे से झपटने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद नागरिकों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाली और आरोपी को वहां से बाहर किया। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद इंटरनेट मीडिया पर उनके खिलाफ संगठित तरीके से घृणा और भय का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। आरोप लगाया गया है कि उनके भाषण की वीडियो को तोड़-मरोड़कर प्रसारित किया गया और इसके जरिए गलत नैरेटिव गढ़ा जा रहा है। साथ ही उन्हें जान से मारने, यौन हिंसा और चरित्र हनन जैसी धमकियां भी दी जा रही हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। भारती पांडे ने स्पष्ट किया कि उनके वक्तव्य में किसी जाति, धर्म या समुदाय के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं थी।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की लोकतांत्रिक मांग रखना था। तहरीर में उन्होंने बीएनएस और आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई, डिजिटल फॉरेंसिक जांच और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# छात्राओं को दिलाई नारी सशक्तिकरण की शपथ

रुड़की(आरएनएस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रुड़की तहसील क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लालकुर्ती स्थित मारवाड़ी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण रुड़की की सचिव एवं सिविल जज उपाधि सिंघल ने किया। इस अवसर पर छात्राओं और शिक्षकों को राष्ट्र और नारी सशक्तीकरण की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल जज उपाधि सिंघल ने बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उनसे जुड़ने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक एवं प्रतियोगात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार जताया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर कोमल, किरण, आदर्श, दीपक, अरविंद, बृजबाला, शिवानी, अरुण, अमृता, नूतन, सरिता, सचिन, रोहित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीमांत क्षेत्रों के ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी समिति

चमोली(आरएनएस)। लूम्स ऑफ नीती-माणा समिति की ओर से सीमा क्षेत्र नीती और माणा घाटी की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वदेशी भेड़ों की ऊन से नए डिजाइन के गर्म वस्त्रों को तैयार करने के गुर सिखाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को पारंपरिक ऊन शिल्प को पुनर्जीवित करने, पालसी (पालतू) भेड़ों की स्वदेशी ऊन से बने हिमालयी वस्त्रों को वापस बाजार में लाने और आजीविका संवर्द्धन के लिए प्रेरित किया जा रहा है और उन्हें ऊन तैयार करने और उनसे कपड़े तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।मौजूदा समय में बाजार की डिमांड हल्के और नए डिजाइन के कपड़ों की है जबकि पारंपरिक ऊन, मौलिक बुनाई और ऊन की असली पहचान धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। ऐसे में लूम्स ऑफ नीती-माणा का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। लूम्स ऑफ लद्दाख की संस्थापक अभिलाषा बहुगुणा का कहना है कि लद्दाख की महिलाएं स्थानीय ऊन का प्रयोग कर बाजार की मांग को देखते हुए नए डिजाइन के उत्पाद तैयार कर रही हैं। नीती और माणा घाटी के लोग भी स्थानीय ऊन से डिजाइन कपड़े तैयार कर सकते हैं। दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी में भी नीती-माणा के ऊनी उत्पादों की डिमांड रही। समिति की सदस्य नंदी राणा ने बताया कि हमें लूम्स ऑफ लद्दाख का भरपूर सहयोग मिल रहा है। साथ ही मानव सेवा समिति के महेश खंकरियाल के साथ ही कुंदन सिंह टकोला, किशोर बड़वाल और नरेंद्र राणा का सहयोग मिल रहा है।

# गुलदार प्रभावित बरस्वार गांव में 12 कैमरा ट्रैप व दो पिंजरे लगाए

कोटद्वार(आरएनएस)। जयहरीखाल ब्लॉक के बरस्वार गांव में शनिवार शाम गुलदार के हमले में मासूम यशिका की मौत के बाद बरस्वार समेत आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। लोग घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। वनकर्मियों की चार टीमें गांव में तैनात कर दी गई हैं। वनकर्मी क्षेत्र में लगातार गश्त कर रहे हैं। गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए घटनास्थल के आसपास 12 कैमरा ट्रैप व दो पिंजरे लगा दिए गए हैं।

रविवार को गुलदार की मूवमेंट कहीं भी नजर नहीं आई है। ग्राम प्रधान दिनेश, पूर्व प्रधान ध्यान सिंह, ग्रामीण पिंटू असवाल ने बताया कि घटना के बाद से बरस्वार, सीरोंबाड़ी, पालकोट, गोयूंगांव, डाबरी, सीला, जड़ियाना, लैंसडौन बाजार समेत आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं और समूह में आवाजाही कर रहे हैं। घटना के बाद से महिलाओं व बच्चों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने वन विभाग से हमलावर गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की है।

उधर, लैंसडौन रेंज अधिकारी राकेश चंद्र ने बताया कि घटना के बाद वन विभाग की टीमों ने गांव में डेरा डाल दिया है। गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए घटनास्थल के आसपास 12 कैमरा ट्रैप व दो पिंजरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बच्ची के परिजनों को अग्रिम मुआवजा राशि के रूप में तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अवशेष सात लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। रेंज अधिकारी ने बताया कि 18 वनकर्मियों की चार टीमें गठित कर गांव में तैनात कर दी गई है। ग्रामीणों से अकेले आवाजाही न कर समूह में आवाजाही करने, रात को घर के बाहर की लाइट जलाए रखने व आवाजाही करते समय बचाव के लिए साथ में डंडा आदि रखने की अपील की गई है। वहीं, जयहरीखाल ब्लॉक के बरस्वार गांव में शनिवार देर शाम को गुलदार के हमले में मृत मासूम याशिका का पोस्टमार्टम रविवार को कोटद्वार में कराया गया। एसएसआई राजेश चौहान व एएसआई प्रवेश कुमार ने पंचनामे की कार्रवाई की। कोटद्वार में पोस्टमार्टम के बाद याशिका का शव परिजनों को सौंप दिया।

## पूर्व विधायक बलबीर सिंह नेगी के निधन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पूर्व विधायक बलबीर सिंह नेगी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

आज यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बलवीर सिंह नेगी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि बलवीर सिंह नेगी पार्टी के एक कर्मठ, निष्ठावान एवं वरिष्ठ नेता थे जिनका आकस्मिक निधन कांग्रेस पार्टी की अपूर्णीय क्षति है। उनका पूरा जीवन क्षेत्रीय जनता के विकास के लिए समर्पित रहा है। विधायक के रूप में घनसाली क्षेत्र के विकास के लिए किये गये उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। बलवीर सिंह नेगी के आकस्मिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी की अध्यक्षता में शोक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेसजनों ने स्व. बलवीर सिंह नेगी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी ने कहा कि बलवीर सिंह नेगी के निधन से कांग्रेस पार्टी संगठन एवं राज्य की अपूरणीय क्षति हुई है, उनका असमय चले जाना हम सबके लिए असीमित दुःख का विषय है। शोकसभा में प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी, महामंत्री राजेन्द्र शाह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, टीका राम पाण्डेय, अमेन्द्र सिंह बिष्ट, मनीष गौनियाल, अनुराधा तिवारी, सावित्री थापा, सुलेमान अली, आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## चोरी की तार के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की कॉपर की तार के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढकरानी निवासी रविन्द्र ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका ढकरानी पावर हाउस के पास प्लाट है। आज जब वह अपने प्लाट पर गया तो देखा कि वहां रखी कापर की तारों के छह बन्डल गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में चैकिंग अभियान शुरू किया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की तारों के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फयाज पुत्र अहमद अली निवासी ढकरानी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## लोडर से बैटरी चुराने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने लोडर से बैटरी चोरी करने वाले को चोरी की बैटरी के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्द्रभागा निवासी सुखमनप्रीत सिंह ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसने अपना लोडर नगर निगम की पार्किंग में खडा किया था। आज जब वह वहां पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके लोडर से बैटरी गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चैकिंग अभियान शुरू किया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बैटरी के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक कल्याण पुत्र गोविन्द कल्याण निवासी बापू ग्राम बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### उत्तराखंड में सख्त भू-कानून, समान नागरिक... पृष्ठ 2 का शेष

स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, सत्याग्रहियों और माँ भारती के अमर सपूतों को नमन करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को स्मरण किया। साथ ही उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सेना और पुलिस के वीर जवानों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन सभ्यता, लोकतांत्रिक मूल्यों और हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि जिस भारत के बारे में यह कहा जाता था कि इतनी विविधताओं वाला देश लोकतांत्रिक नहीं रह पाएगा, वही भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्मार्ट सिटी, राष्ट्रीय राजमार्गों और हवाई कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास को नई गति मिली है। डिजिटल इंडिया, यूपीआई और तकनीकी नवाचारों ने प्रत्येक नागरिक को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, श्रीमती सविता कपूर तथा अन्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में 29 जनवरी को ग्राम कोटी में बहुउद्देशीय शिविर

## एक छत, कई सेवाएंः शिविर में बनेंगे आयुष्मान से श्रमिक कार्ड तक



हमारे संवाददाता

देहरादून। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जन सुविधाओं को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में 29 जनवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक विकासखंड कालसी स्थित ग्राम पंचायत कोटी ग्राउंड में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। बहुउद्देशीय शिविर में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा और विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता के अनुसार यह शिविर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु आयोजित किए जा रहे है। विभिन्न विभागों के स्टॉल्स के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शिविर में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करें और जनता को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए। सभी विभाग आवेदन फॉर्म और योजनाओं की पूर्ण जानकारी के साथ स्वयं शिविर में उपस्थित रहे।

बहुउद्देशीय शिविर में समाज कल्याण, महिला कल्याण एवं प्रोबेशन विभाग द्वारा वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान व परित्यक्ता पेंशन प्रकरणों सत्यापन के साथ छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, शादी अनुदान फार्म भरवाए जाएंगे। डीडीआरसी के माध्यम से दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण, उपचार, दिव्यांग एवं कृत्रिम अंगों का वितरण किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में दो स्तरीय व्यवस्था रहेगी। पहला सामान्य जांच शिविर का आयोजन और दूसरा विभिन्न प्रकार के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑफलाइन बनाने के उपरांत बाद में ऑनलाइन करने हेतु एसडीएम को दिए जाएंगे। आरबीएस की टीम कुपोषित बच्चों का सर्वे कर उपचार प्रदान करेगा। शिविर में नशामुक्ति काउंसलिंग, पोषण, परिवार कल्याण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच व औषधि वितरण किया जाएगा। अटल आयुष्मान कार्ड के लिए पृथक सीएचसी संचालित कर कैंप में ही आवेदकों को कार्ड निर्गत किए जाएंगे। शिविर में नेत्र परीक्षण व चश्में भी वितरित किए जाएंगे। आईसीडीएस विभाग द्वारा कुपोषित शिशु, किशोरियों, महिलाओं का चिन्हीकरण कर पोषाहार उपलब्ध कराया जाएगा। नंदागौरा, पीएम मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, किशोरी किट के फॉर्म भरे जाएंगे।

ग्राम्य विकास द्वारा मनरेगा कार्य की मांग, जॉबकार्ड, भुगतान संबंधी प्रकरणों का निराकरण, पीएमएवाई आवास के आवेदन, एनआरएलएम व रीप में नए सदस्यों को जोड़ना और समूहों को सीसीएल के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की जाएगी। खाद्य विभाग राशन कार्डो का सत्यापन, संशोधन व दुरुस्तीकरण व राज्य खाद्य योजना के राशन कार्ड निर्गत करेगा। कृषि व उद्यान विभाग कीटनाशक दवाओं, बीज, लघु यंत्रों का वितरण एवं कृषकों की समस्या का समाधान करेंगे। सहकारिता, रेशम, मत्स्य, दुग्ध विभाग खाद्य बीज की उपलब्धता, समितियों के सदस्य बनने, केसीसी लाभार्थियों का चयन करेंगे। विद्युत व पेयजल विभाग विद्युत बिल, पेयजल बिलों का सुधार, भुगतान, नए कनेक्शन वितरण करेंगे।

# गैरसैंण में गरजा उक्रांदः कहा, स्थाई राजधानी बनाकर लेगें दम



हमारे संवाददाता

गैरसैंण। देश के 77वें गणतंत्र दिवस पर उत्तराखण्ड क्रान्ति दल उत्तराखण्ड की स्थाई राजधानी गैरसैंण घोषित करने की मांग को लेकर सड़कों पर आंदोलित रहा।

युवा उक्रांद द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गैरसैंण को प्रदेश की स्थाई राजधानी घोषित किये जाने को लेकर मुख्य बाजार में रैली निकाल कर प्रर्दशन किया गया। बाद में सैकड़ों की संख्या में उक्रांद कार्यकर्ता भराड़ी सैण विधानसभा भवन पहुंचें। भराड़ी सैण में आयोजित जनसभा में उक्रांद नेताओं ने प्रदेश व केन्द्र सरकार को उत्तराखण्ड कि बदहाली के लिये जमकर कोसा।

उक्रांद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी ने पहाड़ से चुने विधायकों को पहाड़ विरोधी बताते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे देहरादून में जमीन खरीद फरोख्त के कारोबार में व्यस्त हो जाते हैं और गैरसैंण को भूल जाते हैं। युवा उक्रांद के केन्द्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि संघर्षों के बल पर हमने ये राज्य बनाया है और अब हम गैरसैंण को राजधानी बनाकर ही दम लेगें इसके लिये उक्रांद किसी भी कुर्बानी के लिये तैयार है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अल्मोड़ा कांता रावत ने मातृ शक्ति का आवाहन करते हुये कहा कि राज्य आंदोलन की तरह अब मातृ शक्ति को उत्तराखण्ड बचाने के लिये एक जुट होकर आगे आना होगा।

वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी पान सिंह रावत ने युवाओं का आवाह्न किया कि पुनः एक निर्णायक आंदोलन करने का वक्त आ गया। जिसके लिये युवाओं को तैयार रहना होगा। उक्रांद के केन्द्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली ने कहा कि 25 वर्षों से राष्ट्रीय दल उत्तराखण्ड की जनता को गुमराह करते आ रहे हैं। राज्य के बुनियादी मुद्दे जस के तस है । दोगले चरित्र वाली राष्ट्रीय पार्टियों की उत्तराखण्ड से विदाई है उत्तराखण्ड के हालात सुध रेंगे। कार्यक्रम में रुद्रप्रयाग के वरिष्ठ समाजसेवी उक्रांद नेता अर्जुन कंडारी, सहित सैकड़ो की संख्या में युवाओं व मातृ शक्ति ने शिरकत की।

## प्रथम 'समान नागरिक संहिता दिवस'

# यूसीसी की घोषणा से लेकर प्रभावी क्रियान्वयन तक गौरव की अनुभूतिःसीएम

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हिमालयन कल्चरल सेंटर गढ़ी कैंट में आयोजित प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने समान नागरिक संहिता को तैयार करने वाले कमेटी के सदस्यों, कुशल क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और पंजीकरण में योगदान देने वाले वीएलसी को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यूसीसी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा, इसी दिन राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हुई है, जिससे समाज में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना सुनिश्चित हो सकी। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपरा सदैव समरसता और समानता की संवाहक रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं ने ''समान नागरिक संहिता'' को संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में सम्मिलित किया था। उनका मत था कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उन्होंने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, अपने दृष्टिपत्र में राज्य में "समान नागरिक संहिता" को लागू करने का संकल्प लिया। कहा कि उन्होंने दुबारा सत्ता संभालते ही पहले दिन से ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए कार्य प्रारंभ किया। इसी क्रम में 7 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता विधेयक को राज्य विधानसभा में पारित कर राष्ट्रपति महोदया को भेजा गया। जिसे 11 मार्च 2024 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली। इसके बाद सभी आवश्यक नियमावली एवं प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए, राज्य सरकार ने 27 जनवरी, 2025 को उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को विधिवत रूप से लागू कर दिया गया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यूसीसी लागू होने से न केवल राज्य से सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं बल्कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत भी हुई है। अब उत्तराखंड की मुस्लिम बहन-बेटियों को हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता कानून के माध्यम से किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को नहीं बदला गया है, केवल कुप्रथाओं को दूर किया गया है। यूसीसी में सभी धर्मो के लोगों के लिए विवाह, विवाह-विच्छेद एवं उत्तराधिकार आदि से संबंधित नियमों को एक समान किया गया है। साथ ही संपत्ति के बंटवारे और बाल अधिकारों के विषय में भी स्पष्ट कानून बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए युवक-युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित के उद्देश्य से इस कानून में लिव-इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार उनके माता-पिता या अभिभावक को देगा, ये जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जा रही है।

लिव-इन के दौरान जन्में बच्चों को उस युगल का बच्चा ही मानते हुए, उसे जैविक संतान के समान समस्त अधिकार प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने यूसीसी में आवश्यक संशोधनों से संबंधित विधेयक पारित किया था, जिसे एक दिन पहले ही राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत विवाह के समय यदि अपनी पहचान छिपाने या गलत तथ्य बताने पर ऐसे विवाहों को निरस्त करने का प्रावधान है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, श्रीमती सविता कपूर, सुरेश गड़िया, बृज भूषण गैरोला, सचिव गृह शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, यूसीसी समिति के सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विवि की वीसी प्रो सुरेखा डंगवाल, मनु गौड़, अजय मिश्रा , विशेष सचिव गृह निवेदिता कुकरेती एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने पर्यटक का बैग, मोबाइल, नगदी व जरूरी दस्तावेज सही-सलामत लौटाए

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने पर्यटक का बैग, मोबाइल, नगदी व जरूरी दस्तावेज सही सलामत सामान के मालिक को लौटाए।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद टिहरी गढ़वाल पुलिस द्वारा निरंतर जनसेवा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया जा रहा है। इसी क्रम में चौकी धनौल्टी, थाना थत्यूड़ पुलिस द्वारा एक सराहनीय कार्य करते हुए मानवता एवं ईमानदारी की उत्कृष्ट मिसाल पेश की गई। मोहित पुत्र अनोज, निवासी मंगोलपुर कला, दिल्ली, अपने परिवार के साथ धनौल्टी भ्रमण पर आए थे।

भ्रमण के दौरान उनका एक बैग इको पार्क क्षेत्र में गुम हो गया, जिसमें उनका मोबाइल फोन, नगद धनराशि एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी धनौल्टी उप निरीक्षक नवल किशोर गुप्ता द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर बैग को खोज निकाला गया तथा बैग मय मोबाइल, नगदी व समस्त आवश्यक कागजात सही-सलामत मोहित को सुपुर्द किए गए। मोहित द्वारा धनौल्टी पुलिस की ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## मोबाइल चोरी मामले में 3 गिरफ्तार, 2 फोन बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। दुकान से मोबाइल चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से चुराये गये दो मोबाइल भी बरामद हुए है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज सौरभ गोयल पुत्र अशोक गोयल निवासी 94 प्रिय लोक कॉलोनी, फेस-1, पटेलनगर, देहरादून द्वारा कोतवाली पटेलनगर में तहरीर देकर बताया गया था कि आशु व उसके अन्य साथियों द्वारा उनकी दुकान से मोबाईल फोन चोरी किये गये हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा देर शाम घटना को अंजाम देने वाले 3 लोगों



को हरभजवाला स्थित एक खाली प्लॉट से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चुराये गये अलग-अलग कम्पनियों के 2 मोबाइल फोन बरामद किये गये। पूछताछ में उन्होने अपना नाम आशु कुमार पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम कादपुर, तहसील बेहट, थाना बेहट, जिला सहारनपुर, उ.प्र. हाल पता सरस्वती विहार माता मन्दिर रोड, देहरादून, केशव डबराल पुत्र रमेश डबराल निवासी अजबपुर माता मन्दिर रोड, देहरादून व सुधान्शु बडोनी पुत्र स्व. अजय बडोनी निवासी आमवाला तरला नालापानी, देहरादून बताया। बताया कि उन्हें महंगे फोन रखने का शौक था, जिसे पूरा करने के लिये उनके द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता में संशोधन अध्यादेश लागू

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 में आवश्यक संशोधनों हेतु समान नागरिक संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को राज्यपाल की स्वीकृति के उपरांत लागू कर दिया गया है। यह अध्यादेश संविधान के अनुच्छेद 213 के अंतर्गत राज्यपाल उत्तराखण्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) द्वारा जारी किया गया है तथा यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

अध्यादेश के माध्यम से संहिता के विभिन्न प्रावधानों में प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक एवं दंडात्मक सुधार किए गए हैं, जिससे समान नागरिक संहिता के प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारु क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके।

जारी किये गये नये अध्यादेश में अब आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के स्थान पर अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा दंडात्मक प्रावधानों के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 को लागू किया गया है। वहीं धारा 12 के अंतर्गत ''सचिव'' के स्थान पर ''अपर सचिव'' को सक्षम प्राधिकारी नामित किया गया है। उप-पंजीयक द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही न किए जाने की स्थिति में प्रकरण स्वत: पंजीयक एवं पंजीयक जनरल को अग्रेषित किए जाने का प्रावधान किया गया है साथ ही उप-पंजीयक पर लगाए गए दंड के विरुद्ध अपील का अधिकार प्रदान किया गया है तथा दंड की वसूली भू-राजस्व की भांति किए जाने का प्रावधान जोड़ा गया है। नये अध्यादेश में




विवाह के समय पहचान से संबंधित गलत प्रस्तुति को विवाह निरस्तीकरण का आधार बनाया गया है वहीं विवाह एवं लिव-इन संबंधों में बल, दबाव, धोखाधड़ी अथवा विधि-विरुद्ध कृत्यों के लिए कठोर दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं। लिव-इन संबंध की समाप्ति पर पंजीयक द्वारा समाप्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने का प्रावधान किया गया है। अनुसूची-2 में ''विधवा'' शब्द के स्थान पर ''जीवनसाथी'' शब्द का प्रतिस्थापन किया गया है। विवाह, तलाक, लिव-इन संबंध एवं उत्तराधिकार से संबंधित पंजीकरण को निरस्त करने की शक्ति पंजीयक जनरल को प्रदान की गई है। सरकार द्वारा कहा गया है कि इन संशोधनों का उद्देश्य समान नागरिक संहिता के प्रावधानों को अधिक स्पष्ट, प्रभावी एवं व्यावहारिक बनाना, प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*